66. सिंचाई के साधन

1. स्वतंत्रता के बाद भारत में कुल सिंचित क्षेत्र कितना गुना बढ़ा है ?
(a) दो गुना (b) तीन गुना (c) चार गुना (d) पाँच गुना

2. भारत में वर्तमान समय में कितनी लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित है ?
(a) 650 (b) 700 (c) 750 (d) 850

3. भारत में शुद्ध बोए गए क्षेत्र के लगभग कितने प्रतिशत भाग में सिंचाई होती है ?
(a) 33% (b) 38% (c) 43% (d) 51%

4. भारत में सिंचाई का सबसे प्रमुख साधन है—
(a) नहरें (b) तालाब
(c) कुएँ (d) कुएँ और नलकूप

5. देश के कुल सिंचित क्षेत्र में नहरों की भागीदारी है—
(a) 31·1% (b) 35·1% (c) 38·9% (d) 55·9%

6. देश के कुल सिंचित क्षेत्र में कुओं और नलकूपों की भागीदारी है—
(a) 30% (b) 39% (c) 43% (d) 56%

7. देश के कुल सिंचित क्षेत्र में तालाब सिंचाई की भागीदारी है—
(a) 6% (b) 7% (c) 9% (d) 11%

8. भारत के किस भाग में तालाब का सिंचाई के साधन के रूप में सर्वाधिक प्रयोग होता है ?
(a) उत्तरी (b) दक्षिणी (c) पूर्वी (d) पश्चिमी

9. निम्नलिखित में से किस राज्य का सर्वाधिक कृषि क्षेत्र तालाबों द्वारा सिंचित किया जाता है ?
(a) तमिलनाडु (b) आ० प्र० (c) कर्नाटक (d) केरल

10. निम्नलिखित में से किस राज्य में नलकूपों द्वारा सिंचित भूमि क्षेत्र सबसे अधिक है ?
(a) बिहार (b) हरियाणा (c) उत्तर प्रदेश (d) पंजाब
[UPPCS 2016]

11. भारत में नहर द्वारा सिंचाई में कौन-सा राज्य अग्रणी है ?
(a) पंजाब (b) हरियाणा (c) राजस्थान (d) उ० प्र०

12. कुओं और नलकूपों द्वारा सिंचाई में अग्रणी राज्य है—
(a) गुजरात (b) उत्तर प्रदेश (c) गोवा (d) राजस्थान

13. निम्नलिखित में से किस राज्य के शुद्ध बोए गए क्षेत्र का सर्वाधिक भाग सिंचित है ?
(a) पंजाब (b) हरियाणा (c) उत्तर प्रदेश (d) तमिलनाडु

14. प्रायद्वीपीय भारत में तालाब से सिंचाई के प्रचलन के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा एक कारण नहीं है ?
(a) तरंगित उच्चावच और कठोर शैल
(b) अप्रवेश्य शैल संरचना के कारण वर्षाजल का अल्प अन्तःस्रवण
(c) प्रायद्वीपीय भारत की अधिकांश नदियाँ सदानीरा है
(d) ऐसे कई सरिताएँ हैं, जो वर्षा ऋतु में वेगवती हो जाती है [NDA 2011]

15. इन्दिरा गाँधी नहर निकलती है—
(a) भाखड़ा बाँध से (b) हरिके बाँध से
(c) पौंग बाँध से (d) उकाई बाँध से

16. इन्दिरा गाँधी नहर या राजस्थान नहर को किस नदी से जल मिलता है ?
(a) रावी (b) घाघरा (c) यमुना (d) सतलज
[RRB 2003, 2004]

17. भारत में सबसे लम्बी सिंचाई नहर है—
(a) सरहिन्द नहर (b) यमुना नहर
(c) इन्दिरा गाँधी नहर (d) पूर्वी कोसी नहर [SSC 2011]

18. सारण (Saran) सिंचाई नहर निकलती है—
(a) सोन से (b) गंगा से (c) कोसी से (d) गंडक से
[BPSC 2001]

19. त्रिवेणी नहर में किस नदी से पानी आता है ?
(a) सोन (b) कोसी (c) गंडक (d) मयूराक्षी
[BPSC 2002]

20. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है ?
(a) मिदनापुर नहर — कांग्सावती नदी
(b) तवा प्रोजेक्ट — कृष्णा नदी
(c) मेट्टूर डैम — कावेरी नदी
(d) उकाई प्रोजेक्ट — ताप्ती नदी [UPPCS 2015]

21. नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं। एक को कथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है।
कथन (A) : प्रायद्वीपीय भारत में सिंचाई का एक प्रमुख साधन है, तालाब।
कारण (R) : प्रायद्वीपीय क्षेत्र की अधिकांश नदियाँ मौसमी हैं।
कूट :
(a) दोनों A और R सही है और R, A की सही व्याख्या करता है।
(b) दोनों A और R सही है, किन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) A सही है, किन्तु R गलत है।
(d) A गलत है, किन्तु R सही है। [UPPCS 2015]

22. भारत की सिंचाई क्षमता का 47.78 प्रतिशत पूरा होता है—
(a) वृहद् परियोजना से (b) लघु एवं वृहद् परियोजनाओं से
(c) लघु परियोजनाओं से (d) मध्यम परियोजनाओं से
[BPSC 2008]

23. भारत के किस क्षेत्र में अत्यधिक असिंचित खेती की जाती है ?
(a) कनेरा के मैदान (b) दक्कन के पठार
(c) कोरोमण्डल मैदान (d) गंगा के मैदान [SSC 2011]

उत्तरमाला

1. (c) 2. (d) 3. (b) 4. (d) 5. (a) 6. (d) 7. (a) 8. (b) 9. (a) 10. (c) 11. (a) 12. (a) 13. (a)
14. (d) 15. (b) 16. (d) 17. (c) 18. (d) 19. (c) 20. (b) 21. (a) 22. (b) 23. (b)